आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 02.04.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. द्वीपसमूह में जनगणना 2027 के पहले चरण की शुरुआत उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी की स्व–गणना के साथ हुई।
2. विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस के अवसर पर आज द्वीपसमूह में कार्यक्रमों के आयोजन किए जा रहे हैं।
3. क्षमता निर्माण आयोग, आज से राष्ट्रीय शिक्षण सप्ताह के दूसरे संस्करण का आयोजन कर रहा है।
4. एम वी नालंदा 18 अप्रैल को मायाबंदर होते हुए कोलकाता के लिए रवाना होगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में जनगणना 2027 के पहले चरण की शुरुआत हो गई है। यह केंद्र शासित प्रदेश उन राज्यों–केंद्र शासित प्रदेशों के पहले बैच में शामिल है, जहाँ पहली अप्रैल, से 'मकान सूचीकरण और आवास गणना' के तहत स्व–गणना की प्रक्रिया शुरू हुई है। द्वीप समूह में इस अभ्यास की शुरुआत उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी की स्व–गणना के साथ हुई। जनगणना कार्यों की निदेशक और दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त पूर्वा गर्ग, श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद सचिव और जनगणना प्रभारी कमलेश्वर राव एस, तथा जनगणना कार्य निदेशालय के संयुक्त निदेशक चंद्र मोहन जोशी ने लोक निवास में उपराज्यपाल से मुलाकात की। इस अवसर पर उपराज्यपाल को जनगणना 2027 की डिजिटल पहलों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए स्व–गणना की प्रक्रिया और द्वीप समूह में चल रहे जनगणना कार्यों की वर्तमान स्थिति के बारे में अवगत कराया गया। इस दौरान उपराज्यपाल की सचिव ज्योति कुमारी भी उपस्थित थीं।

<><><><><><><>

इस बीच, स्व–गणना के पहले दिन, जनगणना टीम ने मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार से मुलाकात कर उन्हें स्व–गणना अभ्यास से अवगत कराया। टीम ने जनगणना के पीछे के मूल सिद्धांतों और इसके महत्व और स्व–गणना की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। भारतीय जनगणना के इतिहास में पहली बार नागरिकों को स्व–गणना का विकल्प दिया जा रहा है, ताकि डेटा संग्रह की प्रक्रिया अधिक आधुनिक और सुगम हो सके।

<><><><><><><>

पूरे विश्व के साथ आज द्वीपसमूह में भी विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस मनाया जा रहा है। इस वर्ष का विषय है–'ऑटिज्म और मानवता – हर जीवन का मूल्य है'। यह विषय सम्मान, समावेशन और ऑटिज्म से पीड़ित व्यक्तियों की क्षमताओं और क्षमता की पहचान करने के महत्व पर जोर देता है। इस अवसर पर, क्षेत्रीय समग्र केन्द्र, रोटरी क्लब, के सहयोग से आज शाम तीन बजे सीआरसी के सम्मेलन कक्ष में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करेगा। इस दौरान चित्रकला प्रतियोगिता, टैलेंट शो, कहानी सुनाने के सत्र जैसी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। दिव्यांगजनों के अधिकारिता विभाग के तहत समग्र क्षेत्रीय केंद्र प्रशासन के सहयोग से द्वीपों में शुरुआती पहचान, चिकित्सीय हस्तक्षेप, अभिभावक परामर्श, समावेशी शिक्षा सहायता और आउटरीच कार्यक्रमों के माध्यम से महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

<><><><><><><>

क्षमता निर्माण आयोग, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग और कर्मयोगी भारत के सहयोग से आज से 8 अप्रैल तक राष्ट्रीय शिक्षण सप्ताह या साधना सप्ताह के दूसरे संस्करण का आयोजन कर रहा है। यह कार्यक्रम सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय क्षमता निर्माण पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करना, 'सेवा भाव' की भावना को सुदृढ़ करना और विभागों और कर्मचारियों को समय पर तकनीकी सहायता प्रदान करना है। इसके अंतर्गत AI में क्षमता निर्माण सरकार का एक प्रमुख लक्षित क्षेत्र है, इसलिए कर्मचारियों को iGOT पोर्टल पर उपलब्ध पाठ्यक्रमों की मदद से AI के बारे में सीखने, कर्मचारियों को iGOT मार्केटप्लेस पर मुफ्त उपलब्ध उन्नत स्तर के पाठ्यक्रमों को पूरा करके अपनी कार्यात्मक और व्यवहार संबंधी दक्षताओं को बढ़ाने के लिए भी प्रेरित किया जा सकता है। इसके लिए प्रशासन द्वारा आईटी विभाग के 15 कर्मचारियों की एक समर्पित टेक टीम का गठन किया गया है। विभाग ईमेल आईडी sup-krm-sectt@and.nic.in के माध्यम से टेक टीम से भी जुड़ सकते हैं।

<><><><><><><>

जहाजरानी सेवा निदेशालय की ओर से अप्रैल माह के लिए एम वी नालंदा की कोलकाता के लिए संभावित यात्रा कार्यक्रम की घोषणा की गई है। जहाज श्री विजय पुरम से 18 अप्रैल को मायाबंदर होते हुए कोलकाता के लिए सुबह आठ बजे रवाना होगा और 21 अप्रैल को कोलकाता से मायाबंदर होते हुए श्री विजयपुरम के लिए वापसी करेगा। इस यात्रा के लिए अग्रिम टिकटों की बुकिंग 9 अप्रैल सुबह 9 बजे से

शुरू होगा। यात्री ई–टिकटिंग पोर्टल या स्टार्स टिकटिंग काउंटर के माध्यम से टिकट बुक कर सकते हैं। इसके अलावा यात्रियों के लिए क्यू आर कोड भी उपलब्ध कराया गया है।

<><><><><><>

राष्ट्रीय स्मारक सेल्यूलर जेल में होने वाले 'ध्वनि एवं प्रकाश शो' के समय में संशोधन किया गया है। अब पहला शो शाम 5 बजे से शाम 6 बजकर 35 मिनट तक, दूसरा शो शाम 6 बजकर 50 मिनट से शाम 7 बजकर 35 मिनट तक, और .तीसरा शो 7 बजकर 50 मिनट से रात 8 बजकर 35 मिनट तक चलेगा, जो आज से प्रभावी हो गया।

<><><><><><>

द्वीप समूह के निजी स्कूलों को निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार (संशोधन) अधिनियम, 2012 का कड़ाई से पालन करने को कहा गया है। इसके तहत निजी स्कूलों को कक्षा 1 से कक्षा 8 तक की कुल क्षमता का कम से कम पच्चीस प्रतिशत, कमजोर वर्गों और वंचित समूहों से संबंधित बच्चों के लिए आरक्षित करना होगा। इन बच्चों को उनकी प्रारंभिक शिक्षा पूरी होने तक निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा प्रदान की जाएगी। यह 25 प्रतिशत आरक्षण का नियम प्री–स्कूल प्रवेश पर भी लागू होगा। प्रवेश फॉर्म संबंधित क्षेत्रों के क्षेत्रीय अधिकारियों से प्राप्त किए जा सकते हैं। फॉर्म 6 अप्रैल से उपलब्ध होंगे। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों के साथ 10 अप्रैल तक क्षेत्रीय अधिकारियों के पास जमा कर सकते हैं।

<><><><><><>

द्वीपसमूह में समुद्री सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए भारतीय तटरक्षक बल ने तेज गश्ती जहाज आईसीजीएस राजदूत को तैनात किया है। इस रणनीतिक कदम का उद्देश्य क्षेत्र में समुद्री उपस्थिति बढ़ाना और आपात स्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता को मजबूत करना है। इस जहाज की तैनाती से कमान की क्षमता में वृद्धि होगी।

<><><><><><>

जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय के इतिहास और कंप्यूटर विज्ञान विभाग के छात्रों ने अंडमान निकोबार अभिलेखागार में अपना 15 दिवसीय इंटर्नशिप कार्यक्रम पूरा कर लिया है। यह इंटर्नशिप पांडिचेरी विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित राष्ट्रीय शिक्षा नीति पाठ्यक्रम का एक हिस्सा है, जिसका उद्देश्य छात्रों के व्यावहारिक अनुभव को बढ़ाना और क्षेत्र–आधारित शिक्षा को बढ़ावा देना है। इस इंटर्नशिप के दौरान

छात्रों को अभिलेखीय अनुसंधान, दस्तावेज़ संरक्षण और ऐतिहासिक डेटा प्रबंधन पर जानकारी दी गई। समापन अवसर पर, अभिलेखागार की सचिव ज्योति कुमारी ने छात्रों के साथ बातचीत कर उनके अनुभवों की समीक्षा की। सचिव ने सभी सहभागी छात्रों को प्रशंसा पत्र प्रदान किए।

<><><><><><><>

प्रदेश कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष रंगलाल हलदर ने राष्ट्रीय राजमार्ग बुनियादी ढांचा विकास निगम लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक, परियोजना से किशोरीनगर जंक्शन से कलारा जंक्शन के बीच सड़क की तत्काल मरम्मत और रखरखाव का आग्रह किया है। अपने लिखे पत्र में पार्टी अध्यक्ष ने सड़क की खराब हालत पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे स्कूली बच्चों, मरीजों और वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से सड़क की उचित मरम्मत, बहाली और दीर्घकालिक रखरखाव के लिए तत्काल और प्रभावी कदम उठाए जाने की अपील की।

<><><><><><><>